[Dr. B. Gopala Reddi.] to the arrangements for evaluation of assets and liabilities and their allocation as settled at the time of partition. I am sure the House will not expect me to mention details of the various points on which the officials have been able to agree or disagree. The proper occasion for this will be when the dis-eussions have been completed and a report made by them to the two Governments and the latter have had an opportunity of considering it. Meanwhile, I would suggest that no credence be given to the rather fanciful accounts of what is alleged to have been discussed at the meetings which have been appearing in the Press.

LEAVE OF ABSENCE TO DR. P. J. THOMAS

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that the following letter has been received from Dr. P. J. Thomas:

> "I regret that I am unable to be in Delhi to attend the current session of Rajya Sabha. I therefore place before you and the House my request for leave of absence."

Is it .the pleasure of the House that permission be granted to Dr. P. J. Thomas for remaining absent from all meetings of the House during the current session?

(No hon. Member dissented.)

MR. CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

MESSAGE FROM THE LOK SABHA

THE INDIAN TARIFF (AMENDMENT) BILL, 1959

SECRETARY: Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary of the Lok Sabha: —

> "In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith a copy of the Indian Tariff (Amendment) Bill, 1959, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 17th December, 1959.
>
> 2. The Speaker has certified that this Bill is a Money Bill within the meaning of article 110 of the Constitution of India."

Sir, I lay the Bill on the Table.

THE DOMESTIC WORKERS (CONDITIONS OF EMPLOYMENT (BILL. 1959—*continued*

श्री रतनलाल किशोरीलाल मालवीय (मध्य प्रदेश) : सभापति महोदय, पिछले वक्त में यह कह रहा था कि डोमेस्टिक सर्वेंट बिल जिस को श्री राजभोज जी ने प्रस्तुत किया है वह उस रूप में न ो डोमेस्टिक सर्वेंट्स की भलाई कर सकता है और न उससे कोई खास फायदा ही होता है । मगर जहां तक उसके सिद्धान्तों का ताल्लुक है और जो उनकी जिज्ञासा है कि डोमेस्टिक सर्वेंट्स को राहत दी जाय. एक मजदूर कार्यकर्त्ता की हैसियत से मैं उनसे पूर्णतया सहमत हूं । इस सम्बन्ध में मद्रास में लेबर कांफ्रेंस में पूर्ण रूप से विचार हुआ था । उस कांफ्रेंस में केवल लेबर मिनिस्ट्री ही नहीं थी बल्कि दूसरे मिनिस्ट्रों के आफिसर लोग और स्टेट्स गवर्नमेंट के प्रतिनिधि भी हाजिर थे । उन लोगों के अलावा उस मीटिंग में मजदूर कार्यकर्त्ता भी मौजूद थे । उस मीटिंग में इस बारे में पूर्णरूप से विचार हुआ और जब मैं इस कांफ्रेंस की रिपोर्ट देखता हूं तो मालूम होता है कि डोमेस्टिक सर्वेंट्स ने मैं सन् १९५९ के अप्रैल महीने में प्राइम मिनिस्टर के सामने अपनी मांगे रखी ीं । उन में उन्होंने अपने लिए कोई अलग से बिल बनाने की मांग नहीं की थी । उन्होंने यह मांग की थी कि पेमेन्ट आफ वेजेज, मिनिमम वेजेज, शाप इस्टैब्लिशमेंट और इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट उनके लि भी लागू किया जाय । दरअसल मैं यह

देखता हूं कि जब ऐक्ट में यह मांग मौजूद है मजदूरों के लिए, तो फिर डोमेस्टिक सर्वेंट्स के लिए अलग से बिल बनाने की जरूरत नहीं रह जाती है। गवर्नमेंट ने भी इस बारे में खूब विचार किया और प्रान्तीय सरकार से इस बारे में राय मांगी कि आया वे लोग घरेलू कर्मचारियों की मांग मानने के पक्ष में ह या नहीं। प्रायः सभी प्रान्तीय सरकारों ने उसके विपक्ष में राय दी कि इन लोगों के लिए कोई खास कानून बनाने की जरूरत नहीं है। जहां तक इन ऐक्ट्स का ताल्लुक है, जो अभी लागू है, जिनका मैं ने अभी थोड़ा सा जिक्र किया, इन ऐक्ट्स से देश में एक बड़ा भारी परिवर्तन हो गया है। जहां तक दुकानों में काम करने वाले नौकरों का ताल्लुक है, पहले वे लोग १४-१४, १६-१६ घंटे तक काम करते थे लेकिन जब से ये ऐक्ट्स लागू हो गये हैं तब से दुकानें अपने आप हर जगह रात के आठ बजे ही बंद होने लगी हैं। इसके अलावा दिन में भी खाने के लिए दुकानें बंद होती हैं जिससे नौकरों को काफी राहत मिल जाती है। यह बात जरूरी है कि अगर कोई कानून खास तौर से डोमेस्टिक सर्वेंटस के लिए ही बनाया जायेगा तो उसका असर कुछ खराब भी हो सकता है और यह भी हो सकता है कि बहुत से लोग जो अभी तक नौकरों को अपने यहां काम पर रखते थे वे भविष्य में रखना बन्द कर दें। अगर नौकरों को लोग नहीं रखेंगे तो इससे देश में एक नई तरह की बेकारी फैल जायेगी। इसलिए मैं इस पक्ष में नहीं हूं—जैसा श्री राजभोज जी चाहते हैं कि यह कानून सारे देश में लागू किया जाय। कोई भी कानून चाहे वह पेमेन्ट वेजेज ऐक्ट हो, मिनिमम वेजेज ऐक्ट हो, कोई भी इस तरह का कानून पूरे देश में डोमेस्टिक सर्वेंट्स के लिए लागू नहीं हो सकता है। मगर यह जरूरी है कि उन लोगों के लिए कुछ जरूर किया जाय जिससे उन्हें कुछ राहत मिल जाय। दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और बहुत बड़े शहर हैं जहां पर इन लोगों को राहत दी जानी चाहिये। अगर इन लोगों के ऊपर भी पेमेंट वेजेज ऐक्ट या मिनिमम वेजेज ऐक्ट लागू कर दिया जाय तो ससे इन लोगों को काफी राहत मिल सकती है। सभापति जी, मैं जानता हूं दिल्ली में नौकरों को १०, ११ और १२ बजे रात तक काम करना पड़ता है। मैं कोई ऐसी बात नहीं कहना चाहता मगर मैं यह जानता हूं कि दिल्ली में जो इस तरह से काम होता है कि ज्यादा देर तक नौकरों को काम करना पड़ता है उसका सबब शायद क्लब लाइफ है और दूसरी तरह का संध्या का जीवन है। कुछ बड़े, कुछ छोटे, सभी अच्छे नहीं है, सभी बुरे नहीं हैं, मग ऐसा होता है कि लोग ज्यादा रात को घर पहुंचते हैं और नौकरों को उस वक्त तक काम करना पड़ता है। इसलिए इन तीन चार ऐक्ट्स में से, जिन का मैं जिक्र कर चुका हूं, यदि किसी ऐक्ट में उनको शामिल कर लिया जाय और उनका कोई वक्त मुकर्रर कर दिया जाय, तो मुझे आशा है कि उन्हें बहुत राहत मिलेगी और जिस तरह से दुकानदारों में परिवर्तन हुआ है उसी तरह से उन लोगों के जीवन में एक नया परिवर्तन हो जायगा जिन को क्लब लाइफ का बड़ा शौक है और जो ज्यादा रात तक बाहर रहते हैं।

सरकार ने जो फैसले मद्रास कांफ्रेंस में किये हैं उन्हें मैं स्वीकार करता हूं। इन घरेलू नौकरों को राहत दिलाने का एक अच्छा रास्ता सरकार ने निकाला है, मगर उनको सिर्फ एक ऐडवाइजरी कमेटी बनाने से राहत मिलने वाली नहीं है। साधारण तौर से एम्प्लायमेंट सर्विसेज जिस तरह से काम कर रही हैं और नौकरी दिलाने का काम करती हैं, उसी तरह का काम इस स्कीम में शामिल

[श्री रतनलाल किशोरी लाल मालवीय]

किया गया है, इस से डामेस्टिक सर्वेंट्स का काम नहीं बनेगा क्योंकि जहां तक नौकरियां पाने का सवाल है वहां तक तो उन्हें नौकरियां ढूंढनी पड़ती हैं और मिलती हैं मगर उनके काम में, उनके वेतन में और उनकी मजदूरी में कोई खास राहत नहीं मिलती है । इस कमेटी का जो फार्मेशन हुआ है वह बहुत अच्छा है, इसके जो पर्सोनल हैं उसमें सरकार ने एक मेम्बर पार्लियामेंट को, एक महिला को जो सोशल वर्कर हो, एक एम्प्लायर्स की तरफ से हाउस वाइफ को, और डाइरेक्टर आफ एम्प्लायमेंट ऐंड ट्रेनिंग को रखा है, मगर इस कमेटी को कोई हक इस स्कीम में नहीं दिया गया है । इसका नतीजा यह होगा कि यह कमेटी सिर्फ जरूरत बतायेगी कि इतने आदमी हैं, जिन को जरूरत हो के लें, मगर नौकरों को कोई राहत मिलने वाली नहीं है । न उनके समय का कोई ख्याल रहेगा और न उनके वेतन का कोई ठीक ठिकाना रहेगा । इसलिये मेरी अर्ज यह है कि इस कमेटी को सरकार कुछ हक दे और किसी कानून में डोमेस्टिक सर्वेंट्स को शामिल कर लिया जाय और बड़े बड़े शहरों में उसका तजुर्बा किया जाय ताकि यह मालूम हो सके कि उसका असर क्या होता है । मिनिमम वेजेज एक्ट के अनुसार उनके टाइम के घंटे और वेजेज मुकर्रर कर दिये जायें और यह काम उस एडवाइजरी कमेटी के सुपुर्द कर दिया जाय । अगर गवर्नमेंट ऐसा करेगी तो मुझे उम्मीद है कि इन मजदूरों को राहत मिलनी शुरू हो जायेगी और इस बिल के लाने वाले हमारे भाई राजभोज जी की मंशा भी कुछ हद तक पूरी हो जायेगी । जिस रूप में राजभोज जी का यह बिल आया है उस रूप में मुझे दुःख है कि मैं स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि न यह मांग है मजदूरों की और न इस बिल को बनाने से उनको कोई राहत मिल सकती है । उनको राहत मिल सकती है उन तीन चार ऐवेन्यूज़ में, उनको लाने से और जो एडवाइजरी कमेटी गवर्नमेंट बनाने जा रही है उसको कुछ पावर देने से और मालिकों और मजदूरों में समझौता कराने से ।

इन शब्दों के साथ मैं फिर यह अर्ज करता हूं कि एक तो मैं इस बिल को सपोर्ट नहीं कर सकता, दूसरे मैं यह चाहता हूं कि गवर्नमेंट ने जो ऐडवाइजरी कमेटी बनाने की आयोजना रखी है उसको कुछ पावर्स दी जायं, तीसरे इन डोमेस्टिक सर्वेंट्स के काम के घंटे और वेजेज फिक्स करने की जरूरत है ताकि इनको राहत मिल सके ।

شری فرید الحق انصاری (اتر پردیش) : مسٹر چیرمین - ہمارے عزیز دوست راج بھوج جی نے جو بل پیش کیا ہے اس کے ایمس اینڈ آبجیکٹس سے مجھے بالکل اتفاق ہے - میرا خیال ہے کہ ہندوستان میں جب ہمارا مقصد سوشلسٹ سماج قائم کرنا ہے اس وقت کسی کو اس میں اعتراض نہیں ہو سکتا کہ وہ لوگ جو ہمارے گھروں میں کام کرتے ہیں ان کے آرام و آسائش کے لئے کوئی قانون بنایا جائے - کیونکہ آج جو حالت ان ڈومیسٹک سرونٹس کی ہے وہ کچھ ایسی نہیں ہے کہ قابل تعریف ہو - مگر اس بل کو پڑھنے کے بعد میں اس نتیجہ پر پہونچتا ہوں کہ بل ٹھیک طریقہ پر ڈرافٹ نہیں کیا گیا ہے جیسے کہ سیکشنس ۴-۵ اور ۶ وغیرہ ہیں - دوسرے نوکروں کو نوکر رکھتے وقت یا اگر نوکر نوکری چھوڑنا چاہے یا خود مالک نوکر کو برطرف کرنا چاہے تو

اس کو کچھ نوٹس دیا جائے یا نہ دیا جائے اس کے بارے میں بھی اس میں کوئی ذکر نہیں ھے - تیسرے سیکشن ۱۱ میں جو ایک کنڈیشن ٹائم آف ورک کے سلسلہ میں دی ہوئی ھے اس سے بھی مجھے بالکل اختلاف ھے - یہاں سیکشن ۱۱ (۲) میں یہ دیا ہوا ھے :-

"No domestic worker shall be made to work for more than ten hours in a day."

آج کے ھندوستان میں جیسا کہ میں نے عرض کیا جب سوشلسٹک سماج کی طرف ھم جا رھے ھیں تو یہ ضروری ہو جاتا ھے کہ کم سے کم محنت لوگوں کو پڑے اور زیادہ سے زیادہ آرام ان کو دیا جائے - آج آپ دیکھتے ہوں گے کہ انڈسٹریل کنسرنس میں ٹریڈ یونین کے جو لوگ ھیں وہ یہ مطالبہ کر رھے ھیں کہ آٹھ گھنٹے سے زیادہ کام کسی کو کرنے کی ضرورت نہیں ہونی چاھئیے - اس لئے میں یہ عرض کرونگا کہ اس بل میں کچھ تبدیلی ضرور ہونی چاھئیے - میرے عزیز دوست جو ابھی بول رھے تھے ان کا کہنا یہ تھا کہ اگر ایسا بل پاس کیا جائے گا تو اس کا نتیجہ یہ ہوگا کہ بیکاری بڑھے گی - جب تک غربت ھے - نوکر ملیں گے - میں ان سے عرض کروں گا کہ یہ صرف ھندوستان اور ھندوستان جیسے جو اور ملک ھیں ان میں ھی دیکھا جاتا ھے کہ گھروں میں لوگ نوکر رکھتے ھیں اور نوکر رکھ کر ان سے اپنا ذاتی کام کراتے ھیں - ھمارے خیالات کچھ ایسے ہو گئے ھیں کہ ھم اپنا کام خود کرنے کو بے عزتی سمجھتے ھیں - گاندھی جی نے واقعی جو ھم کو ایک چیز سکھائی اس کی ھمیں تائید کرنی چاھیئے، قدر کرنی چاھیئے کہ ھم کو اپنا کام کرنے سے دریغ نہیں کرنا چاھیئے، بھاگنا نہیں چاھیئے - ھر انسان کو اپنا کام کرنے میں بے عزتی نہیں سمجھنی چاھیئے - آج ھندوستان میں ھی یہ ھے کہ لوگ اپنے گھر کا کام کرنے کے لئے نوکر رکھتے ھیں - انگلستان سے جو ھمارے دوست واپس آئے ھیں انہوں نے یہ بتلایا ھے کہ وھاں کوئی نوکر کام کرنے کو ملتا ھی نہیں ھے - تمام لوگ وھاں اپنا کام خود اپنے ھاتھوں سے کرتے ھیں - کانٹیننٹ کے اوپر بھی کام کرنے کے لئے نوکر نہیں ملتے ھیں - اس لئے اگر ھندوستان میں ایسے طریقے استعمال کئے جائیں جن سے کہ جن لوگوں سے ھم اپنے ذاتی گھریلو کاموں کے لئے مدد لیتے ھیں تو ان کو آرام ملے، آسائش ملے، ان کو تنخواہ ٹھکانے کی ملے - ان سے کام ایسے طریقے پر لیا جائے کہ ھم ان کو نوکر نہ سمجھیں بلکہ اپنا ساتھی سمجھیں تو اس سے ھماری سوسائٹی کا اسٹیٹس بڑھ سکتا ھے اور بیکاری بھی نہیں بڑھ سکتی ھے اس لئے کہ جب ھم کام کی

[شری فرید الحق انصاری]

عزت کریں گے اور ان لوگوں کو اپنے برابر سمجھیں گے ، اور ایسی کنڈیشن اپنی سوسائیٹی میں پیدا کریں گے کہ ہر آدمی کو کام ملے تو پھر بیکاری نہیں ہو سکتی

میرے دوست نے یہ کہا کہ یہ کمیٹی جو کہ گورنمنٹ نے بنائی ہے اس کے سپرد اُن کی دیکھ بھال کا کام کر دیا جائے - تو میں بدقسمتی سے ان لوگوں میں ہوں جو کہ یہ سمجھتے ہیں کہ جو کام گورنمنٹ نہیں کرنا چاہتی ہے اس کے سلسلہ میں کمیٹی مقرر کر دیتی ہے اور پھر ہم دیکھتے ہیں کہ ہمارے سامنے، پارلیمنٹ کے سامنے یہ ذکر برابر ہر سیشن میں ہوتا رہتا ہے کہ اس پر کمیٹی غور کر رہی ہے، کنسیڈر کر رہی ہے، ان کی رپورٹ آنے والی ہے یا رپورٹ اگر آگئی ہے تو گورنمنٹ اس رپورٹ کے اوپر کنسیڈر کر رہی ہے - تو کمیٹی کے ذریعہ سے کام کبھی نہیں ہوتا ہے -

श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली) : पार्लियामेंट खुद एक खास कमेटी है ।

श्री प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका (पश्चिमी बंगाल) : काम क्या हो रहा है ?

شری فرید الحق انصاری : کو اگر اس طریقے سے ٹھیک کام ہوتا ہے، ان کو آسانی پہونچتی ہے، اور کوئی ایسا ذریعہ نکلتا ہے، جس سے کہ وہ لوگ جو کہ نوکر کو اپنے سے نیچا سمجھتے ہیں ان کے ساتھ برا برتاؤ کرتے ہیں ان کو ہر طرح کی تکلیف دیتے ہیں ان کو روکا جا سکے اور ان سب معاملات سے بچا جا سکے تو میں اس کے حق میں ہوں - راج بھوج جی نے محض یہ تیمانگ کیا ہے کہ یہ پبلک اوپنین ایلسٹ کرنے کے لئے سرکولیٹ کیا جائے اور میں اس کی تائید کرتا ہوں -

†[श्री फरीदुल हक़ अन्सारी (उत्तर प्रदेश) : मिस्टर चेयरमैन, हमारे अज़ीज़ दोस्त राजभोज जी ने जो बिल पेश किया है, उसके एम्ज एंड आबजेक्टस से मुझे बिल्कुल इत्तिफ़ाक़ है । मेरा ख्याल है कि हिन्दुस्तान में जब हमारा मकसद सोशलिस्ट समाज कायम करना है, इस वक्त किसी और को इसमें एतराज नहीं हो सकता कि वे लोग जो हमारे घरों में काम करते हैं उनके आराम व आसायश के लिये कोई कानून बनाया जाये, क्योंकि आज जो हालत इन डोमैस्टिक सर्वेंट्स की है, वह कुछ ऐसी नहीं है कि काबिले तारीफ हो । मगर इस बिल को पढ़ने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचता हूं कि बिल ठीक तरीके पर ड्राफ्ट नहीं किया गया है । जैसे कि सैक्शनस ४, ५ और ६ वगैरा हैं । दूसरे, नौकरों को नौकर रखते वक्त या अगर नौकर नौकरी छोड़ना चाहे या खुद मालिक नौकर को बर-तरफ करना चाहे तो उसको कुछ नोटिस दिया जाये या न दिया जायें । उसके बारे में इसमें कोई जिक्र नहीं है । तीसरे, सैक्शन ११ में जो एक कंडीशन टाइम आफ वर्क के सिल-सिला में दी हुई है उससे भी मुझे बिल्कुल इख्तलाफ है । यहां सैक्शन ११ (२) में यह दिया हुआ है—

"No domestic worker shall be made to work for more than ten hours in a day."

आज के हिन्दुस्तान में जैसा कि मैंने अर्ज किया जब सोशलिस्टिक समाज की तरफ हम जा रहे हैं तो यह जरूरी हो जाता है कि कम

†[ ] Hindi transliteration.

से कम मेहनत लोगों को पड़े और ज्यादा से ज्यादा आराम उनको दिया जाये । आज आप देखते होंगे कि इंडस्ट्रियल कन्सर्न्स में ट्रेड यूनियन के जो लोग हैं वे यह मुतालबा कर रहे हैं कि ८ घंटे से ज्यादा काम किसी को करने की जरूरत नहीं होनी चाहिये । इसलिये मैं यह अर्ज करूंगा कि इस बिल में कुछ तबदीली जरूर होनी चाहिये । मेरे अजीज दोस्त जो अभी बोल रहे थे उनका कहना यह था कि अगर ऐसा बिल पास किया जायेगा तो उसका नतीजा यह होगा कि बेकारी बढेगी जब तक गुरबत है नौकर मिलेंगे । मैं उनसे अर्ज करूंगा कि यह सिर्फ हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तान जैसे जो और मुल्क हैं उनमें ही देखा जाता है कि घरों में लोग नौकर रखते हैं और नौकर रख कर उनसे अपना जाती काम कराते हैं । हमारे खयालात कुछ ऐसे हो गये हैं कि हम अपना काम खुद करने को बेइज्जती समझते हैं । गांधी जी ने वाकई जो हमको एक चीज सिखाई उसकी हमें ताईद करनी चाहिये, कद्र करनी चाहिये कि हमको अपना काम करने से दरेग नहीं करना चाहिय, भागना नहीं चाहिये। हर इन्सान को अपना काम करने में बेइज्जती नहीं समझनी चाहिये । आज हिन्दुस्तान ही यह है कि लोग अपने घर का काम करने के लिये नौकर रखते हैं । इंगलिस्तान से जो हमारे स्त वापस आये हैं उन्होंने यह बतलाया है कि वहां कोई नौकर काम करने को मिलता ही नहीं है । तमाम लोग वहां अपना काम खुद अपने हाथों से करते हैं । कांटीनेंट के अपर भी काम करने के लिय नौकर नहीं मिलते हैं । इसलिये अगर हिन्दुस्तान में ऐसे तरीके इस्तेमाल किये जायें जिनसे कि जिन लोगों से हम अपने जाती घरेलू कामों के लिये मदद लेते हैं तो उनको आराम मिले, आसायश मिले, उन ो तनख्वाह ठिकाने की मिले । उनसे काम ऐसे तरीके पर लिया जाये कि हम उनको नौकर न समझें बल्कि अपना साथी समझें तो उनसे हमारी सोसाइटी का स्टेटस बढ़ सकता है और बेकारी भी नहीं बढ़ सकती है इसलिये कि जब हम काम की इज्जत करेंगे और उन लोगों को अपने बराबर समझेंगे और ऐसी कन्डीशन अपनी सोसाइटी में पैदा करेंगे कि हर आदमी को काम मिले तो फिर बेकारी नहीं हो सकती है ।

मेरे दोस्त ने यह कहा कि यह कमेटी जो कि गवर्नमेंट ने बनाई है उसके सुपुर्द उनकी देखभाल का काम कर दिया जाये तो मैं बदकिस्मती से उन लोगों में हूं जो कि यह समझते हैं कि जो काम गवर्नमेंट नहीं करना चाहती है उसके सिलसिले में कमेटी मुकर्रर कर देती है ौर फिर हम देखते हैं कि हमारे सामने, पालियामेंट के सामने यह जिक्र बराबर हर सेशन में होता रहता है कि इस पर कमेटी ौर कर रही है, कन्सीडर कर रही है, उनकी रिपोर्टें आने वाली हैं या रिपो अगर आ गई है तो गवर्नमेंट उस रिपोर्ट के ऊपर कान्सीडर कर रही है । तो कमेटी के जरिये से काम कभी नहीं होता है ।

श्री आबिद अली : पालियामेंट खुद एक कमेटी है ।

श्री प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका : काम क्या हो रहा है ।

श्री फरीदुल हक अंसारी : तो अगर इस तरीके से ठीक काम होता है, उनको आसायश पहुंचती ह और कोई ऐसा जरिया निकलता है जिससे कि वे लोग जो कि नौकर को अपने से नीचा समझते हैं उनके साथ बुरा बर्ताव करते हैं, उनको हर तरह की तकलीफ देते हैं उनको रोका जा सके और उन सब मामलात से बचा सके तो मैं इसके हक में हूं । राजभोज जी ने महज यह डिमांड किया है कि यह बिल पब्लिक ओपिनियन एलिसिट करने के लिये सरकुलेट किया जाये और मैं इसकी ताईद करता हूं ।]

SHEI SONUSING DHANSING PATIL (Bombay): Mr. Chairman, while lending my support to the pioneering effort ,of Mr. Rajabhoj in piloting this Bill, I have to

[Shri Sonusing Dhansing Patil]

make a few observations. In the first place, the Bill as it is drafted is not comprehensive enough #0 as to cater to the problems that have been raised by the Domestic Servants' Union. It has been pointed out by some of the labour leaders who take active interest in these problems that as far as this problem is concerned, a separate legislation is not advisable. Sir, I honestly differ from this point of view. As far as the city life is concerned, the question of giving living conditions or better conditions of service—at least a living wage to the domestic servants—is assuming greater and greater importance. The various bad conditions in which they have to work and the trouble which they have to undergo in getting payment of their wages regularly, and the conditions of service and leave etc. are omething which we cannot consider as humane conditions of work.

Our Constitution guarantees certain rights to the worker, though unfortunately they are not Fundamental Rights. Article 39 of the Constitution ays:

> "The State shall, in particular, direct its policy towards securing—
>
> (a) that the citizens, men and women equally, have the right to an adequate means of livelihood;"

Again, article 43 says:

> "The State shall endeavour to secure, by suitable legislation or economic organisation or in any other way, to all workers, agricultural, industrial or otherwise, work, a living wage, conditions of work ensuring a decent standard of life and full enjoyment of leisure and social and cultural opportunities, etc. etc."

Taking into consideration the spirit •f these two articles, I feel that the •tage has arrived where we can now consider the question of the domestic servants and their conditions of service, etc.

Sir, there is no doubt that this problem is full of difficulties. One of the difficulties is that if such a legislation is undertaken, it may perhaps result in shrinkage of services. Even though a large number of people are employed as domestic servants, if their service conditions are regulated, and if a particular wage limit is insisted upon, it,will have this natural effect. It is feared that there will be a lot of shrinkage in employment, and consequently \\ will result in unemployment. The second difficulty will come for the enforcement of the law.

Even though these difficulties may be genuine, still we have to find some device and a machinery by which we can regulate all the conditions.

Up to this time, the trend of the legislation in labour laws is particularly directed towards industrial labour which has got a very predominant voice, because they have the capacity to organise and make their Voice felt in a limited sphere. The Western trend of labour legislation is reflected in India also, because of their power to organise and also because of their power to create nuisance in a particular limited sphere. The industrial labour makes itself effective. But as far as the problem of the domestic servants is concerned, they cannot work in the manner in which industrial labour does and they cannot organise and create nuisance value.

Sir, even though there are certain laws on the Statute Book, for example, the Minimum Wages Act, the Payment of Wages Act and other industrial relations Acts, still the problem of the domestic servants is outside the scope of these Acts, and howsoever we may try to accommodate the problem of the domestic servants within the fold of these laws, I think it will be completely a

misfit because the problem of domestic servants is entirely different. None of the employers of domestic servants in the country can afford to give the same wage as an employer in an industrial firm or industrial concern can do. So, even though there is a sort of recommendation of appointing an advisory body by the Indian Labour Conference, to which my friend made a reference, I feel the problem must be approached in a practical and realistic manner.

Agricultural labour is also sought to be covered by the Minimum' Wages Act and it is to be implemented in all the States by the end of the year, but the problem of the domestic servants assumes a particular importance in the cities. This problem needs to be considered by a separate legislation because their service conditions, the capacity of the employer to pay and various other problems are entirely different from the general condition of labour, either industrial or agricultural. They have to do a peculiar type of work which is confined to cities, which is more or less an urban problem. Mr. Rajabhoj in his present Bill does not consider that aspect. That is why it has got certain shortcomings though the effort is very commendable, but I would request him to withdraw this in favour of a comprehensive Bill, if there is a sort of assurance on behalf of the Government to that effect.

Sir, while considering this problem, a reference was made to the Shop Establishment Act which has got a bearing on the city working conditions of various servants working in the shops. But that also is not an adequate provision to protect the interests of the domestic servants. The Shop Establishment Act is particularly confined to the various shop assistants. That Act, I am afraid, as far as I know it, is not applicable to the domestic servants residing in the areas where the Act is applicable. Even if that Act is made applicable to these domestic servants, the problem which I earlier pointed out is clearly 4ifferent and we have to face the problem in a realistic manner so that within the existing conditions we could create an atmosphere within which we could accommodate this whole class' of domestic workers in a manner which is just suitable to the economic conditions of the country and the employer.

It has been made clear in the summary of the main conclusions of the Indian Labour Conference that in a number of countries of the West, there are no legislations on this point. Granted, but the conditions of those Western countries are entirely different because there is no surplus manpower in those countries, and as such they do not feel the need of having a separate legislation, whereas in this country we have got a surplus population and a considerable number of people are engaged in domestic service. It is but natural that their conditions of service, their leave, etc., their hours of work, housing conditions, payment of wages and various other considerations assume greater and greater importance. I feel that the present Bill, which tries to meet some of the problems that arise in connection with domestic servants, is in many ways inadequate inasmuch as it does not take into consideration all those demands which are put forward by the Domestic Servants' Union. And, as far as possible, if at all there is going to be any legislation on this subject, it is but natural that we give full attention and examine the various demands made by the All-India Domestic Workers' Union. Sir, we had last year, or the year before, the spectacle of a fast-unto-death for about a month by one Shyam Singh Pawar, who represented the Domestic Workers Union as one of the Secretaries. He had undertaken that fast just in front of the Parliament House. At that time, I read in the papers that our Minister had given him some assurance that he would look into their demands. If the assurance is going to be in any way effective or substantial, then it is but natural that we examine this

[Shri Sonusing Dhansing PatiL]

question in all its aspects and see whether we can do something good to these domestic servants as far BS big cities are concerned. Sir, according to me, if this problem is to be handled gradually and by stages, then cities which have got a population of one lakh or over may be considered first as far as the question of domestic servants is concerned because in smaller cities the question does not assume such great importance because that city population is a mixed population, both of peasants and workers, and there the question does not so much arise in all its aspects as it does in a city like Bombay or Delhi. If this suggestion is to be taken up, then a separate legislation covering all the problems will be essential and an advisory committee merely to tender advice to the Government is not going to be of any use even if it is vested with certain powers. A statutory wage commensurate with the conditions of work and the economic conditions of the employers will be a desirable thing and a separate Bill to my mind is a great necessity though we can attack the problem by stages and gradually. The demands of the workers put forward by the All-India Domestic Workers Union will have to be considered—there are as many as 12 demands which they have made and we have to see how far these demands can be met. Mr. Rajabhoj in one way suggested a practical proposition and to that extent I entirely agree that, in clause 11(1), the minimum wage of a domestic worker under eighteen years of age shall be rupees thirty per month and over eighteen years of age rupees forty per month. This suggestion appears to be quite realistic. The only thing I am not clear about is whether Mr. Rajabhoj wants this wage with or without meals—he has not mentioned that. If it is without meals, then it will not be taxing to an employer even in a city but if it is with meals and with quarters, then perhaps we will have to consider it. So, for all these separate problems of domestic servants, a separate legislation is essential and an advisory committee or applying the provisions of the various Acts like the Minimum Wages Act, the Payment of Wages Act, the Shops Establishment Act, etc., will not serve the purpose because these Acts are based on conditions which are obtaining in the industrial sector, and even though we try to expand the scope of these Acts and make them applicable to the domestic servants, I think the purposes which the Government aims at will not be served. The domestic servants' problems are peculiar to themselves, such as they are now insisting upon, *e.g.* the maximum working hours to be restricted to eight hours a day. Even here Mr. Rajabhoj had gone a. step further and suggested a ten hour working day because he is having a realistic approach. He comes from that strata of society which knows the hardships to which these workers are put to. He also knows that if th« domestic workers' demand of an eight hour working day is accepted, it will result in unemployment amongst them and many of them may not find employment. So, he takes a realistic view and does not insist so much on it even though the recommendation of the workers' union is for an eight hour working day. To that extent also, Mr. Rajabhoj had gone a step further and adopted a more realistic approach.

There should be weekly holidays. That is in his Bill. Provision for free medical treatment with pay does not appear to be there in the Bill. We will have to make some provision. Then, we will have to make provisions for servants' quarters as far as the big cities like De'hi are concerned. In Delhi, I think except- • ing the quarters meant for the Members of Parliament, there are hardly any quarters which have got servants' quarters. I have also seen the conditions in Calcutta. There the servants are not even allowed to sleep in garages. They only sleep in the verandah. I am not criticizing the host or anybody but I have seen

with my own eyes that servants or motor drivers are sleeping all along in the verandah when there is ample space in the building. That means that our treatment of a servant is not that of human being but something which we consider an inferior being not worth of our company. That should go. As far as the dream of Swaraj is going to be a reality, these workers and peasants must have their due share in recognition of their rights as far as human treatment is concerned and there cannot be any denying the fact that if there is no legislation or the Government does not come out with conditions which will be creating such an atmosphere, I think, the Government will not be worth the name. That is exactly the meaning which we have to take from the socialistic pattern of society when we are going a step forward in that direction, not by violent means but by gradual conversion and by legislation. A stage has now arrived when we must create conditions which are favourable to these workers.

Then, provisions for one month's notice prior to termination of service or one month's salary in lieu thereof, one month's annual leave with pay, holidays during festivals with pay, at the time of transfer, both ways' railway fares along with pay prior to termination of service in out-stations etc. should be made. Payment of salary should be made on the first day of each month—here also Mr. Rajabhoj goes a step further. He has given seven days' time. That is also a realistic approach. Then, bonus according to service during the year should be given and aged and underaged servants should not be given hard work beyond their capacity and no deduction |should be made from their pay. Sir, these are some of the demands to which, I confess, we cannot agree in their entirety but these are some things which we have to consider in a spirit of give and take and accommodate the domestic servants in a manner so that chev will prove a sort of asset like any other family member. It is a fact that in the absence of a family member, a domestic servant plays a great role, of course, if there are certain offences committed by a domestic servant, then that dark picture alse will be there. When we say that domestic servants are in many cases not honest, honesty hai to be taken into consideration when, we create conditions which promote their well-being, which promote human conditions of living and if we do not create those conditions and im spite of that if we want domestic servants to be hon*^t, I think it ii something which *is* beyond human nature. Of course, in that way I do not want to place a premium on dishonesty and it is for the Domestic Workers' Union to suggest the ways in which they should behave. At the same time it is also for us not to create conditions by which a domestic worker would be tempted to resort to dishonesty. Of course, it requires concerted efforts on the part of the various unions and those who take an interest in labour welfare to create an atmosphere among them or get them the education or social training by which they will not fall victims to this vice. These are some of the considerations for which, I think, a comprehensive Bill may be taken up by the Government for consideration, though the Government may not consider or the States may not consider that such a stage has arrived, because naturally the State Legislatures will always consider it from their standpoint because the States have a small number of cities, excepting the headquarters of the State. So it is better if the Central Government takes up the problem and tries to solve it by legislation, if possible, because I think that the existing provisions in the various Acts on the Statute Book will not have that salutary effect of creating some sort of condition which will amount to giving relief to the domestic workers. So a separate legislation. must be thought oui; and it should be considered in all its aspects, taking into consideration the various demands of the domestic servants.

[Shri Sonusing Dhansing Patil.] With all these, I really congratulate Mr. Rajabhoj for making this pioneer effort of bringing forward a Bill. Though the Bill, in many respects, may not meet the problems of the domestic servants, yet as far as the general problems are concerned, the Bill goes a long way to solve them. I may not agree with certain provisions such as making the offence cognisable. This is also a sort of social legislation where we must not treat the employees as criminals, and if we have a just approach to the problems and if we gradually t*y to solve the problems, it will be better, Let us not make the offence under this Bill cognisable so that the police may create a hubbub. Registration etc. of the domestic servants is the responsibility of the various big municipalities or Corporations under whose control they will come. I feel that the giving of the power to the police for maintenance of a register will not serve the purpose aimed at and I will request Mr. Rajabhoj, after having considered the opinion of the House, to withdraw his Bill and request the Government to bring forward a comprehensive Bill so that the aims which he has got at heart may be fulfilled adequately.

With these remarks, I congratulate Mr. Rajabhoj.

श्रीमती सावित्री निगम (उत्तर प्रदेश) : सभापति महोदय, डोमेस्टिक वर्कर्स कंडीशंस आफ इम्प्लायमेंट विधेयक आज जिस रूप में हमारे सामने है उससे पूरी तरह सहमत न होते हुये भी श्रीमन्, मैं इसके उद्देश्य से पूरी तरह से सहमत हूं । आज हमारे यहां घरेलू नौकरी की दशा बड़ी सोचनीय और दयनीय है । कहीं कहीं तो इन लोगों को बहुत ही थोड़ी तनख्वाह मिलती है और बहुत ही कठोर दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ता है । इन सब हालतों को देखते हुये यह स्वीकार करना पड़ेगा कि घरेलू नौकरों की स्थिति में शीघ्र ही सुधार होना चाहिये । श्रीमन्, इस मौजूदा विधेयक को पढ़ने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंची हूं कि न तो यह विधेयक और न इस प्रकार के अन्य विधेयक घरेलू कर्मचारियों की किसी प्रकार कोई मदद कर सकते हैं ।

श्रीमन्, इससे कहीं अच्छा हो कि नौकरों के लिये कोई दूसरा संगठन बनाया जाये । उनकी स्वयं की शिक्षा दीक्षा के लिये रात्रि पाठशाला खोले जायें ताकि वे स्वयं जागृत हों । जब तक नौकरों में स्वयं जागृति पैदा नहीं होगी और साथ ही साथ नौकरों के मालिकों में भी जागृति पैदा नहीं होगी तब तक इस प्रकार के विधेयकों से उनकी किसी समस्या का हल होना सम्भव नहीं है । श्रीमन्, मैंने इस दिशा में थोड़ा सा प्रयोग किया और नौकरों को पढ़ाने के लिये एक रात्रि पा शाला खोली । जब मैंने उस सभा में नौकरों की दयनीय हालत का विवरण देना प्रारम्भ ।कया और जिस समय मैं अपने विचार प्रकट कर रही थी तो उस सभा में एक सज्जन उठ खड़े हुये । वे कहने लगे कि नौकरों की दयनीय हालत के बार में तो आप शिकायत कर रही हैं लेकिन उनके मालिकों की कैसी दयनीय दशा है, क्या आपने उसके बारे में कभी विचार किया ? उन्होंने यह भी कहा कि जितने भी सम्पन्न परिवार हैं उनके यहां एक एक नौकर है । उनके यहां नौकरों को अच्छी पगार मिलती है, क्वाटर भी अच्छा मिलता है, काम भी कम करना पड़ता है । और नौकर उनके यहां ज्यादातर सुखी रहते हैं, किसी तरह की शिकायत उन्हें नहीं रहती है । लेकिन जहां पर नौकरों को पगार भी कम मिलती है, काम भी ज्यादा करना पड़ता है और उनके साथ दुर्व्यवहार भी ज्यादा होता है वहां पर यह देखने में आता है कि उनके मालिकों की स्वयं की हालत भी बहुत दयनीय होती है । अक्सर यह देखने में आता है कि जहां कोई मिडिल क्लास का परिवार होता है वहां उस नौकर की हालत बहुत दयनीय हो जाती है जो उसके साथ काम करता है । इसका

कारण यह है कि परिवार बड़ा होता है और आय कम होने के साथ साथ माता पिता रोगी होते हैं और गृहिणी दुर्बल रहती है। तो भला बतलाइये ऐसे परिवार में जिस के मालिक की स्वयं की हालत दयनीय है, किस तरह से वह नौकर को सुख सुविधा या ज्यादा पगार तथा अलग से क्वार्टर दे सकता है जब कि उसके रहने के लिए ही खुद काफी जगह नहीं है। यह बात किस तरह सम्भव हो सकती है कि जब एक ही क्वार्टर में चालीस लोग रह रहे हैं वहां पर नौकर को अलग से कमरा दिया जाय।

श्रीमन, प्रश्न यह है कि पहले इन नौकरों की हालत सुधारी जाये और उसके बाद जो मालिक हैं उनकी हालत सुधारी जानी चाहियें। अगर हमने मालिकों की हालत में सुधार किया तो नौकरों की हालत भी स्वयं सुधर जायगी।

श्रीमन, अभी एक वक्ता ने कहा कि नौकरों से दस घंटे के बजाय आ घंटे काम लेना चाहिये क्योंकि हमने देश में सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी बनाने की बात मान ली है। श्रीमन, जैसी हमारी भोजन सम्बन्धी आदतें हैं, आज बेचारी गृहिणी को दिन भर भोजन बनाने में ही लगा रहना पड़ता है। अगर हम उसके जीवन पर दृष्टिपात करें तो हम यह देखते हैं कि उसका सार जीवन का आधा समय रसोई बनाने में ही चला जाता है। अगर नौकरों की दशा सुधर गई, यह बिल पास हो गया और आठ घंटे की शर्त लागू कर दी गई तो गृहिणियों को बारह और चौदह घंटे काम करना पड़ेगा और उनका जीवन और भी दयनीय हो जायगा। अगर हमने भोजन संबंधी अपनी आदतें ठीक नहीं कीं, किसी राष्ट्रीय प्रचार द्वारा अपनी आदतों को ठीक नहीं किया तो वह समय दूर नहीं जब कि घर-गृहिणियां थोड़े ही दिन में इस सदन के सामने "वाइव्ज प्रोटेक्शन बिल" लाने के लिये मजबूर होंगी।

डा० श्रीमती सीता परमानन्द (मध्य-प्रदेश) : कांस्क्रिप्शन फार सर्विस करना पड़ेगा।

श्रीमती सावित्री निगम : श्रीमन, जब मैं इस विधेयक के बारे में सोचती हूं तो मैं ख्याल करती हूं कि इस से बेचारे नौकरों को कोई विशेष फायदा नहीं पहुंच सकता है। अभी बहस के दौरान एक भाई ने कहा कि नौकरों को बेरांडे में सोने के लिए जगह दी जाती है। मैं भी सोचती हूं कि जब इस तरह की सर्दी में उन्हें बेरांडे में सोने के लिए जगह दी जाती है तो उनकी दयनीय हालत का पता चल जाता है। किन्तु मैं अपने भाई से निवेदन करूंगी कि अगर वे दिल्ली के २०० मकानों का सर्वेक्षण करें और देखें तो उन्हें पता चल जायेगा कि दिल्ली में मकानों में रहने वालों की कितनी दयनीय हालत है। यह देखने में आया है कि एक मकान में तीस तीस और चालीस चालीस आदमी रहते हैं और अक्सर भाई और बेटे बेरांडे में सोते हैं। आप पालियामेंट के मेम्बरों के क्वार्टरों को ही देख लीजिये, जिस में काफी परिवार के लोग रहते हैं उस में लड़के, भाई या दूसरे लोगों को बेरांडे में सोना पड़ता है। अगर आप उनके सर्वेन्टस क्वार्टरों का सर्वेक्षण करेंगे तो आप यह पायेंगे कि उन कमरों में ये बड़े बड़े व्यवसायी लोग रह रहे हैं। जब मकानों की इस तरह की हालत है तो नौकरों को किस तरह से अलग कमरा दिया जा सकता है। इस तरह से यह विधेयक लाकर यह कहना कि हम नौकरों को अलग से कमरा दिलाना चाहते हैं, इसका यह नतीजा होगा कि जैसे ही यह बिल पास हो जायेगा वैसे ही लोग अपने यहां से नौकरों को नौकरी से हटा देंगे। जहां नौकरों को भले ही एक जून खाना मिल रहा था, इम्प्लायमेंट मिल रहा था, और थोड़ी बहुत दूसरी सहूलियत मिल रही थी, इस बिल द्वारा हम वह भी छीन लेंगे। तो हमें इस बात को अच्छी तरह से सोचना चाहिये कि जहां लोगों

[श्रीमती सावित्री निगम]

को रहन के लिये जगह नहीं है, जहां पर रोगी और परिवार के दूसरे स्वस्थ सदस्य साथ रहते हैं, वहां किस तरह से नौकर को एक अलग कमरा दिया जा सकता है ।

श्रीमन, इस विधेयक में पुलिस को भी आगे लाने की कोशिश की गई है । इस तरह के केवेज इंसपैक्टर रैंक से कम का कोई आफिसर फैसला नहीं करेगा । अगर हम इस तरह से पुलिस को बीच में ले आयेंगे तो घरेलू कर्मचारियों का और ज्यादा शोषण होने लगेगा । हाल ही में एक बड़े नेता को नेतागिरी का शौक चढ़ आया था, उसने नौकरों का एक संगठन बना डाला जो एक हंगामा मच गया । हर नौकर को मार मार कर उससे १५, २० रु० लिये गये । उसके बाद यह एक तूफान रचा गया कि सत्याग्रह होगा, आमरण अनशन किया जायेगा । जब जुलूस निकाला जाता था तब डंडे लेकर बहुत से लोग पहुंचते थे और घरों से जबर्दस्ती नौकरों को निकाल लाते थे । जो नौकर छिपते थे उनके ऊपर मार पड़ती थी । चाहे किसी के घर में कोई महमान आया हुआ हो, चाहे कोई बीमार हो, अगर वह नौकर को नहीं भेजता था तो लोग उसकी खिड़की और दरावाजा तोड़ना शुरू कर देते थे । ऐसे हंगामे में बहुत से लोगों ने अपने नौकरों को निकाल दिया । उन्होंने कहा कि जब यह लोग रोज जूलूस निकालने के लिये जाते हैं और हमारा काम नहीं होता है तो क्यों न हम सब परिवार के लोग अपना काम करना शुरू कर दें । इस सम्बन्ध में मैं आपको एक घटना बताऊं । जब इन नौकरों ने यह शोरशराबा शुरू किया कि हमें इतनी तनख्वाह दी जाय, हमें इतनी छुट्टी दी जाय, यह हमारे नेता की, हमारे सेक्रेटरी की मांग है, तो एक पार्लियामेंट के सदस्य ने पुलिस में इत्तिला दे दी । उसका नतीजा यह हुआ कि १०, १२ नौकर गिरफ्तार हो गये और फिर यूनियन वाले कभी उनको छुड़ाने नहीं गये । हम लोग जो उनकी हरकतों के कारण बहुत सख्त खिलाफ थे आखिर में तरस खाकर गये और उनकी जमानत कराई । जिन्होंने १५, २० रु० उन गरीबों से वसूल किये थे, वे फिर दिखाई नहीं पड़े । जो आमरण अनशन किया गया था उसके पीछे भी उन बेचारे नौकरों को ठगने की एक चाल थी और जब वह खत्म हो गया तो न उस यूनियन के प्रेसीडेंट दिखाई दिये और न सेक्रेटरी दिखाई दिये । वह छोटे छोटे बच्चे जिनके मां बाप पहाड़ों में रहते हैं उनकी किसी ने मदद नहीं की । आखिर में हुआ यह कि हम लोग, जो उनके शोरशराबा की वजह से उनके संगठन के खिलाफ थे, दो चार आदमी गये और उन पर तरस खा कर उनकी जमानत करवाई । उसके बाद भी उन बेचारों को तीन महीने तक कचहरी दौड़ना पड़ा ।

जहां तक पुलिस का इस बिल से सम्बन्ध है, यह ठीक है कि पुलिस में बहुत से ऐसे लोग हैं जो ईमानदार हैं, लेकिन बहुत से ऐसे भी हैं जो गलत काम कर सकते हैं । इसलिये अगर हमने पुलिस को बीच में रखा तो इन बेचारे घरेलू नौकरों का शोषण होना शुरू हो जायेगा । घरेलू नौकरों की समस्या बड़ी उलझी हुई है । हम लोगों ने चार पांच वर्ष पहले एक वीमेन्स मास कांटेक्ट कमेटी बनाई थी और उसके तत्वावधान में हम लोगों ने जो प्रयोग किये उनके कारण लगभग दो हजार महिलाओं को ३०, ३५ रु० से लेकर ७५रु० तक घरों में नौकरियां मिल गईं । उस सम्बन्ध में हमने यह भी देखा कि मालिकों और नौकरों के बीच में जो समस्यायें होती हैं उनको समझा बुझा कर बहुत कुछ हल किया जा सकता है । इस प्रकार डेढ़ वर्ष के बीच में हम लोगों ने जो दो हजार बहनों को नौकरियां दिलाई, उनमें केवल दो मामलों में ऐसा हुआ कि हम लोगों को थोड़ी सी परेशानी हुई । मालिकान समझौते के लिये तैयार नहीं हुये और बाद में हम लोगों को

मामला कोर्ट में भेजना पड़ा । दो हजार में केवल दो मामले ऐसे हुये और बाकी सब नौकरियां अच्छी तरह तब तक चलती रहीं जब तक हमारा संगठन रहा ।

श्री पां० ना० राजभोज (मुम्बई) : वे सब मैरिड थीं . . .

MR. CHAIRMAN: Mr. Rajabhoj, you will have your chance.

श्रीमती सावित्री निगम : इस तरह से अगर आज भी श्री राजभोज जी और अन्य भाई इन घरेलू नौकरों की स्थिति में कोई सुधार लाना चाहते हैं तो सब से अच्छी और उत्तम बात यह होगी कि घरेलू नौकरों का एक ऐसा संगठन बनाया जाय जिसमें तमाम घरेलू नौकर पदाधिकारी बनें और उसमें कोई ऐसा बाहर का व्यक्ति न आये जो नेतागिरी के चक्कर में उनका शोषण कर सके। यदि ऐसा किया जाये तो मेरा यह मानना है कि इस समस्या का बहुत सुधार हो सकता है और नौकरों की मदद हो सकती है । वह जो मद्रास में कांफ्रेंस हुई थी और उसमें जो निर्णय हुये थे, इसमें सन्देह नहीं है कि वे निर्णय बहुत ही उत्तम हैं और उपयोगी हैं । उन निर्णयों के अनुसार जो एडवाइजरी कमेटी बनी है उसको यदि कुछ अधिकार दे दिये जायें तो और भी इस समस्या को हल करने में सहायता मिलेगी । वास्तव में यह एक अर्बन प्राब्लम है और जहां जहां एम्प्लायमेंट एक्सचेंज हैं वहां वहां इस प्रकार की एडवाइजरी कमेटियां बनाई जायं । यदि सम्बन्धित नगरों की नगरपालिका और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड आदि से एक एक नुमाइन्दा लेकर ऐसी कमेटियां बनाई जायें और इनके लिये कुछ नियम बनाये जायें तो इन नौकरों को अवश्य कुछ राहत मिल सकती है । इतनी बात जरूर है कि ऐसे नियम नहीं बनाये जाने चाहियें कि उनको क्वार्टर दिये जायें या ४० रु० तनख्वाह दी जाय । हमारे देश की दशा और हमारा रहन-सहन आदि देख कर यदि नियम बनाये जायेंगे तो बहुत मुनासिब होगा । इस प्रकार धीरे धीरे, एक एक कदम उठा कर, थोड़ी थोड़ी राहत दिलाने वाले कदम उठा कर, यदि इस तरह की कमेटियां बना दी जायें और वही रूल्स बनायें तो भी नौकरों को बहुत फायदा हो सकता है ।

इसके अतिरिक्त मुझे यह भी कहना है कि इस विधेयक को अलग से चाहे न भी पास किया जाये, लेकिन जो फैक्ट्री के मालिक और मजदूरों के ऊपर कानून लागू होते हैं उन्हीं में यदि इस बिल की कुछ धारायें जोड़ दी जायें, जैसे यह कर दिया जाय कि जिन की पांच सौ या एक हजार से अधिक आमदनी है उनके नौकरों की तनख्वाह ४० या ५० रु० से कम नहीं होगी और इतनी कैजुअल लीव होगी, इतनी बीमारी की छुट्टी मेडिकल सार्टिफिकेट पर होगी, तो मैं समझती हूं कि बिना नया विधेयक लाये ही ऐसे नौकर जो सम्पन्न घरों में काम कर रहे हैं उनको राहत मिल जायेगी ।

SHRI AHMAD SAID KHAN (Uttar Pradesh): Mr. Chairman, while I appreciate the spirit that has prompted the mover of this Bill to bring this measure before this House, I feel there are some practical difficulties in implementing the various sections embodied in this measure. First of all. the question to be considered is for whose benefit we are trying to pass this legislation. Is it for the benefit of the employer or is it for the benefit of the employee? If we read clause* 6 to 8 of this Bill, we will find that with all the registrations, thumb impressions, specimen signatures and then investigation at the home of th* employee and so on, the employe* will feel that instead of getting employment, he has become perhaps * "history sheeter", for he will b* absolutely in the hands of the police. And the policeman if he is not favourably inclined, can make any remark which will make the persoa unemployed. I fee], Sir, that thi* measure will not be in the interest of the employee at all.

[Shri Ahmed Said Khan.]

Coming next to the employer, what do we find? There are middle-class people with Rs. 300 or Rs. 400 monthly income and it will be very difficult for such a person to employ a domestic servant with all these conditions. Moreover, the conditions of a factory worker and those of a domestic employee are not exactly the same. A factory worker has to work for eight hours or seven hours continually, while the domestic worker or employee does not work continually. Also, the nature of the work and the conditions under which he works are quite diff rent. A domestic servant lives in the same house and under the eame conditions as his own employer, while the factory worker is working under very difficult conditions, sometimes in 'the factory. Therefore, the conditions are not identical and they cannot be treated in the same manner. Just look at the condition of the housewife with an income of Rs. 300 or Rs. 400 a month. She goes 12 NOON, out for shopping and she wants the servant to look after the children or she cooks and wants the servant to go out for shopping. If you are going to put all these conditions on the house wife belonging to a middle class, it will be very difficult for her to run the household and the result would be further unemployment among the domestic servants. People will not employ them. Moreover, Sir, I feel that this will tremendously increase the amount of work that the police will have to do. The police will have to verify the antecedents of every employee to find out whether he belongs to a criminal family or not. This will mean a lot of work to the already over-worked police which is mainly intended for looking into more heinous crimes. Now, Government will have to raise their number if this Bill is to become the law of the land.

Therefore, Sir, I am of opinion that this measure should not.be made into law.

श्री ओंकार नाथ (दिल्ली): सभापति महोदय, में इस विधेयक को एक दूसरी दृष्टि से भी देखता हूं । जहां इस विधेयक को पेश करन में मूवर का ध्येय यह है कि घरेलू नौकरों की दशा में कुछ उन्नति हो वहां में उसके साथ साथ यह भी समझता हूं कि इससे नौकर रखने वालों की भी उन्नति और भलाई होगी । आज हमारे समाज में जो नौकर रखने वाले हैं उनकी दशा ऐसी हो गई और उनकी आदतें ऐसी रईसी की बन गई हैं कि वे एक गिलास पानी के लिये भी नौकरों के मोहताज रहते हैं । वे कपड़ा धोने का काम, बर्तन मांजने का काम और हर काम को नौकरों से करवाते हैं । में समझता हूं कि आने वाले समाजवादी समाज में यह चीज रहने वाली नहीं है । हमें तो अपने जीवन का आदर्श गांधी जी के आदर्श से लेना है । आपको मालूम है कि उनके आश्रम में हर एक को अपना सारा काम खुद करना होता था, शौचालय वगैरह भी खुद साफ करना पड़ता था । बड़े से बड़े रईस भी वहां आ कर जब रहते थे तो खुद अपना बर्तन मांजते थे, वे अपने कपड़े भी अपने हाथ से धोते थे । तो में इस विधेयक को इस दृष्टि से देखता हूं कि श्रम के महत्व को, लेबर की डिगनिटी को बढ़ाने का यह एक जरिया होगा । हर ऐस आदमी को जिसको कि २४सों घंटे नौकर पर मोहताज रहने की आदत पड़ गई है उसको यह आदत छोड़नी पड़गी । ज्यादातर मुल्कों में इस तरह की चीज नहीं है कि १५०/२००रु० तन्ख्वाह पाने पर ह। नौकर रख लिया जाता हो जो कि सारा घर का काम करता हो । तो इस विधेयक से दो मकसद पूरे होते हैं, एक तो नौकरों की भलाई और उन्नति होती है और दूसरे जो नौकर रखते हैं उनकी भी भलाई होती है ।

